हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

8 इंडस पब्लिक स्कूल में हर्ष के साथ मनाया बैसाखी का पर्व



8 अटल कैंटीन का शुभारंभ किया



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव खरकरामजी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए स्टाफ कर्मी खरकरामजी की तरफ गश्त रहे थे। उसी दौरान गांव के निकट ही एक युवक पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### फिरौती के लिए फायरिंग करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** पूंडरी में फिरौती के लिए एक दुकान पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई एसआई सुभाष की टीम द्वारा आरोपी कैथला खुर्द जिला कुरुक्षेत्र निवासी कमलजीत को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 26 फरवरी को पूंडरी स्थित एक मिठाई दुकान के मालिक पर एक बाइक पर सवार अज्ञात युवकों द्वारा फिरौती की मांग के एवज में फायरिंग की गई थी।

### ताला तोड़कर डेढ़ लाख की नकदी व जेवर चोरी

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में परिवार के लोग शादी में गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर डेढ़ लाख रुपये की नकदी, सोना, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी जाकिर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह शादी में यूपी गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर डेढ़ लाख रुपये की नगदी, मोबाइल फोन, दो तोले सोने के जेवरात तथा चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

### गांव चंदाना में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव चंदाना में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चंदाना के कर्ण सिंह ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 अप्रैल को 6:00 बजे जब वह गांव से गुजर रहा था तो अनिल नामक व्यक्ति ने उसे पर लाठी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल कपिल देव ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस की चपेट में आने से युवक घायल, केस

**जींद।** सफीदों बस अड्डे पर युवक के परिवहन समिति बस की चपेट में आने से घायल होने पर शहर थाना पुलिस ने फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिवाहा निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ कार्यवश सफीदों गया हुआ था। वापसी के दौरान बस अड्डे के बाहर बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार परिवहन समिति बस ने उसे टक्कर मार दी।

### कार ने मारी टक्कर स्कूटी सवार घायल

**जींद।** देवीलाल स्कूल नरवाना के निकट तेजरफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पटेल नगर निवासी दिलबाग खेत से स्कूटी पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। देवीलाल स्कूल के निकट कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

## होर्डिंग तथा बोर्ड उखड़े, बिजली के खंभे टूटे, बिजली गुल, गेहूं कटाई का कार्य प्रभावित

# धूल भरी आंधी व बरसात ने बिगाड़े किसानों के समीकरण

## मौसम के बिगडैल तेवर बने किसानों के लिए आफत

### जींद में औसतन 4.46 व अलेवा में सबसे ज्यादा 13.8 एमएम बारिश दर्ज खेत खलिहान से मंडियों तक फैली फसलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

खेत खलिहान से अनाज मंडियों तक गेहूं तथा सरसों की फसलें फैली हुई हैं। मौसम तैयार फसलों पर खतरा बन कर मंडरा रहा है। मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों को परेशानी में डाला हुआ है। शुक्रवार दोपहर बाद आकाश में बादल छाने के साथ धूल भरी आंधी चली। जिसके चलते बिजली गुल हो गई और होर्डिंग तथा बोर्ड उखड़ कर दूर जा गिरे और खंभे भी टूट गए। बाद में बारिश ने आंधी से राहत दिलाई। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बीती रात जिले में कहीं हलकी बारिश हुई तो कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश भी हुई। जिसके चलते शुक्रवार को गेहूं कटाई का काम भी प्रभावित हुआ। जिले में औसतन 4.46 एमएम बारिश दर्ज की गई। अलेवा मे 13.8 एमएम सबसे ज्यादा बारिश हुई। जबकि उचाना में बूंदाबांदी दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 45 प्रतिशत तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। बूंदाबांदी की भी संभावना है।

शुक्रवार शाम को तेज आंधी से होर्डिंग तथा बोर्ड उखड़ गए कर सड़कों पर जा गिरे। बिजली गुल हो गई। आलम यहां तक रहा कि दिन में अंधेरा छा गया। हवा कि गति भी 45 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। वाहन लाइट जला कर सड़कों पर रेंगते दिखाई दिए। कुछ स्थानों पर बिजली के पोल तथा टांसफार्मर भी टूट कर नीचे गिर गए। बाद में बारिश ने आंधी से राहत दिलाई। मौसम के तेवरों से लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पडा। वीरवार रात को जिले में इक्का-दुक्का स्थानों में हलकी ओलावृष्टि के साथ बूंदाबांदी व बारिश हुई। जिले में औसतन 4.46 एमएम बारिश दर्ज की गई। जिसमें अलेवा मे 13.8 एमएम, पिल्लूखेड़ा में आठ एमएम, जुलाना, सफीदों में दो-दो एमएम, नरवाना में 2.8 एमएम, जींद में तीन एमएम, तथा उचाना एक एमएम बारिश दर्ज कि गई। कुछ स्थानों पर गेहूं भी भीग गया। हालांकि तिरपाल ढके गए लेकिन आंधी के चलते वे उड़ गए। आंधी तथा बारिश के कारण गेहूं कटाई तथा कढाई का कार्य भी फिर से प्रभावित हो गया है। वीरवार रात को बारिश होने के बाद शुक्रवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम का मिजाज गर्म होता चला गया। हवा भी गरम रही। बाद में मौसम ने करवट ली और आकाश में बादल छा गए। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बन गए। रात को बारिश के कारण तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। बादलो के छाने से मौसम सुहाना भी बना रहा। शाम को तेज धूल भरी आंधी चली तो बाद में बारिश ने कुछ राहत दी। बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा।



**जींद।** बारिश से मंडी में खुले में रखी भीगी गेहूं। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** दिन के समय छाया अंधेरा।



**जींद।** चल रही तेज आंधी। *फोटो :हरिभूमि*

### कार्य मौसम को ध्यान रख करे

मौसम वैज्ञानिक डा राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने करवट ली है। शनिवार को भी आकाश में बादलवाई बनी रहने की संभावना है। किसान कृषि कार्य मौसम को ध्यान रख करे।

### किसान चिंतित

पिछले दो दिनों से मौसम किसानों के लिए आफत बना हुआ है। वीरवार रात को बारिश हुई। वहीं शुक्रवार शाम को आकाश मे फिर से बादल गहरा गए और तेज आंधी शुरू हो गई। दिन में अंधेरा छा गया। बाद में बारिश ने तो आंधी से राहत दिला दी, फिर बारिश भी परेशानी बन गई। मौसम के बिगड़े तेवरों से किसानों के माथे पर बल साफ देखने को मिले। किसानों का कहना है कि ऐसे हालातों में मौसम का खराब होना फसलों के लिए खतरा है। कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी फसलों का बंटाधार न कर दें।



**कैथल।** बरसात में भीगता अनाज मंडी में पड़ा गेहूं। *फोटो :हरिभूमि*

### कैथल में भीगा मंडियों में पड़ा करोड़ों का पीला सोना

**कैथल।** सीजन शुरू होने के बाद अब जिले की अधिकतर अनाज मंडियों में गेहूं की आवक में तेजी है, लेकिन अभी तक उठान शुरू नहीं हो पाया है। इस कारण आढ़तियों व किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शुक्रवार सायं के समय हुई बरसात के कारण किसानों व आढ़तियों का करोड़ों रुपये का पीला सोना भीगने से नुकसान होने की संभावना है। बता दें कि वीरवार को बरसात हुई थी तथा दिन में गर्मी रहने के बाद शुक्रवार को भी बारिश जारी रही। इस कारण मंडियों में पड़ी गेहूं की फसल के भीगने से उसका नुकसान होने की संभावना है। वहीं, बताया जा रहा है कि शहर की अनाज मंडियों में गेहूं उठान के निविदा सूचना तो जारी कर दी है, लेकिन संबंधित ठेकेदार की ओर से ट्रक मुहैया नहीं करवाए गए हैं। इस कारण से अभी तक उठान नहीं हो रहा है। उधर, अधिकारियों का कहना है कि मंडियों में गेहूं का उठान जल्द शुरू करवाया जाएगा, ताकि न तो किसान को परेशानी हो और न ही किसी आढ़ती को। गौरतलब है जिले में अभी तक 26 हजार एमटी गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से कुल 18 हजार 360 एमटी की खरीद की जा चुकी है। इसमें डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में अब तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने तीन हजार 218 एमटी गेहूं, हैफेड ने 14 हजार 584 एमटी तथा हरियाणा वेयर हाउस ने 558 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदा है।

# आग लगने से दो एकड़ में खड़े फाने और आधा एकड़ फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

शुक्रवार को रामगढ़ रोड के नजदीक गेहूं के खलिहानों में अचानक आग की चिंगारी धधक उठी। आग लगने से 2 एकड़ में खड़े फाने व आधा एकड़ में कटाई को तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। मौके पर मौजूद किसानों ने पेड़ों की टहनियों के साथ आग बुझाने के भरसक प्रयास किए। तेज हवाओं के चलते आग फैलती चली गई। इस दौरान सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड गाड़ी मौके पर पहुंची। सांझे प्रयासों से करीब आधा घंटा में आग पर काबू पाया गया। आग की घटना से किसान जरनैल सिंह, सेवा सिंह के 2 एकड़ में खड़े फाने और किसान सुरेश बैरागी की करीब आधा एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पहुंचे एएसआई जोगेंद्र सिंह ने टीम के साथ स्थिति का मुआयना किया।



**कलायत।** रामगढ़ रोड पर आग बुझाने का प्रयास करते। *फोटो :हरिभूमि*

# सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

- हरियाणा कौशल रोजगार निगम के हटाए गए कर्मचारियों को वापस ले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे अध्यापकों व कर्मचारियों को हटाने के विरोध में और दोबारा से नौकरी पर लेने की मांग को लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में जिले में जिला सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौपा गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि अगर 19 अप्रैल तक सभी हटाए गए कर्मचारियों को वापिस नहीं लिया तो 20 अप्रैल को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह, जिला उपप्रधान ओमपाल भाल, उपप्रधान छज्जू राम, सावित्री देवी, सलाहकार जयप्रकाश शास्त्री, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रमेश हरित, कौशल कर्मचारियों के जिला प्रधान बलराज शास्त्री व टेकचंद ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विभिन्न विभागों में लाखों कर्मचारियों को नियुक्त किया था और 5 साल की सेवा के बाद सेवा सुरक्षा का वादा भी किया गया है परन्तु 5 साल पूरे होने से पहले ही इन कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया जा रहा है जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के पद खाली है। जरूरत के बावजूद कर्मचारियों को हटाना हरियाणा सरकार की बदनीयती को दर्शाता है।




**कैथल।** प्रदर्शन कर विरोध करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की जान गई

- गांव सफाखेड़ी के निकट सड़क पार करते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव सफाखेड़ी के निकट सड़क पार कर रही महिला बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने मृतका के पौते की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सफाखेडी निवासी भरथो देवी (75) सड़क पार अपने छोटे बेटे के घर से वापस बड़े के पास आने के लिए सड़क को पार कर रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने भरथो देवी को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक बाइक को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। गंभीर हालात में भरथो देवी को नरवाना नागरिक अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रैफर कर दिया। परिजन उसे कैथल के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर भरथो देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

# शहर के पांच वार्डों में साढ़े 73 लाख की राशि से गलियों का होगा निर्माण

- नगर परिषद ने विकास कार्यों को लेकर लगाए टेंडर
- श्मशान भूमि के स्वर्ग आश्रम में चार लाख से अधिक रुपये से होगा पार्क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नगर परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को लगातार तेजी दी जा रही है। इसी के चलते अभी शहर के पांच वार्ड में साढ़े 73 लाख रुपये की राशि से गलियों का निर्माण और श्मशान भूमि के स्वर्ग आश्रम में चार लाख से अधिक रुपये की राशि से पार्क का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद ने टेंडर लगाए हैं। जिनकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में खुलेगी। इसके बाद टेंडर अलॉट किए जाएंगे और संबंधित एजेंसी की ओर से गलियों और पार्क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। श्मशान भूमि के स्वर्ग आश्रम में पार्क का निर्माण 409823 रुपये की राशि से होगा। ऐसे में लोगों को बेहतर सुविधा होगी। कॉलोनियों की गलियां कच्ची होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के मौसम में दो पहिया वाहन चालक के चोटिल होने का डर बना रहता है। ऐसे में अगर गलियों का निर्माण होगा तो लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### करवाया जाएगा गलियों का निर्माण

नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि नप का प्रयास है कि शहर में तेजी से विकास कार्य करवाए जाए। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में गलियों का निर्माण को लेकर नप ने टेंडर लगाए हैं। इसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद एजेंसी द्वारा काम किया जाएगा।

# सीएम उड़न दस्ता टीम ने खंगाला स्कूल का रिकार्ड

- गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिकंजा कसना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अब प्रदेश सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर के करनाल रोड पर एक निजी स्कूल में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता टीम व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दबिश देकर जांच की। यह जांच मान्यता को लेकर की गई थी। बता दें कि यह स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी की गई गैर मान्यता वाले 38 स्कूलों की सूची में शामिल है। गौरतलब है कि इन 38 स्कूलों को विभाग की ओर से सरकार के आदेशों के तहत नोटिस भी भेजा जा चुका है। इन स्कूलों की मान्यता न होने के बावजूद ये वर्षों से संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों के भविष्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकार ने इन स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद स्कूल गतिविधियां जारी रखे हैं। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता टीम के सदस्य डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को करनाल रोड पर निजी स्कूल में शिक्षा विभाग की टीम के साथ मिलकर दबिश दी।

## हनुमान मंदिर में होगा हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन

# श्रद्धालु आज मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव

- हर वर्ष यह त्योहार चैत्र पूर्णिमा पर ही मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हनुमान भक्त शनिवार को अपने अराध्य हनुमान की जयंती श्रद्धा से मनाएंगे। हर वर्ष यह त्योहार चैत्र पूर्णिमा पर ही मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में 03:21 बजे शुरू होगी और 13 अप्रैल को सुबह 05:51 बजे समाप्त होगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के दिन माता अंजनी और वानर राज केसरी के घर भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। इसलिए श्रद्धालु इस दिन को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। इस दिन हनुमान भक्त उपवास रखते हैं और जगह-जगह भंडारे व कई धार्मिक आयोजन रकते हैं। यह रहेगा पूजा का शुभ मुहुर्तः जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि हनुमान जयंती पर पूजा का पहला शुभ मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।

हनुमान जन्मोत्सव पर हस्त नक्षत्र बन रहा है। जो शाम 6 बजकर 7 मिनट तक बना रहेगा। इस दौरान व्याघात योग भी बनेगा। जो रात 8 बजकर 39 मिनट तक है। चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती हैं। जिसे हनुमान जन्मोत्सव कहा गया है। मान्यता है कि बजरंगबली वर्तमान में भी हमारे आसपास धरती पर सशरीर मौजूद हैं। इसलिए इसे हनुमान जन्मोत्सव कहा जाता है।

### ये रहेगी पूजा विधि

हनुमान जयंती के दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को चाहिए कि वो एक दिन पहले ही मांस, मदिरा जैसी चीजों का सेवन नहीं करें। हनुमान जयंती के दिन सुबह जल्दी उठ कर स्नान, ध्यान के बाद ब्रह्म मुहूर्त में बजरंगबली की पूजा करें। इसके अलावा शुभ पूजा मुहूर्त में भी बजरंगबली की पूजा कर सकते हैं।

### लगाया जाएगा भंडारा

जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में हनुमान गली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जांच डीएसपी से बदल कर दूसरे अधिकारी को देने की मांग उठाई

- दोहरा हत्याकांड का पीड़ित परिवार एसपी से मिला, रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जमीन विवाद के चलते हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर पीड़ित परिवार के लोग गांव निर्जन के गणमान्य लोगा के साथ एसपी राजेश कुमार से मिले। उन्होंने आरोपित परिवार की महिला के भी षडय़त्र में शामिल होने के चलते कार्रवाई करने समेत अन्य मांगें रखी। एसपी ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा दोषियों को किसी भी सूरत मे न बख्शे जाने का आश्वासन दिया है। गांव निर्जन निवासी मोहित शुक्रवार का गांव निर्जन के लोगों के साथ एसपी राजेश कुमार से मिले। उन्होंने कहा कि गत आठ अप्रैल को जमीन विवाद के चलते गांव के ही सुरेश ने अपने बेटे व अन्य बदमाशों के साथ उसे जानलेवा हमला किया। फिर उसके पिता सतीश तथा चाचा दिलबाग की गोलियां मार कर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि डीएसपी जितेंद्र की जांच से संतुष्ट नही हैं। जांच बदल कर दूसरे अधिकारी को दी जाए। आरोपित सुरेश की पत्नी का भी दोहरे हत्याकांड के षडय़ंत्र में हाथ है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। गांव का ही रणबीर भी झगड़े में शामिल रहा है। अब भी वह उनके घर के सामने चक्कर लगा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बकरा नही बेचा तो जबरन ले भागे बाइक सवार, केस

**जींद।** गांव नचारखेड़ा से बाइक सवार दो व्यक्ति चरवाहा का जबरन बकरा लेकर फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नचार खेड़ा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भेड़ व बकरियां चराने खेत में गया हुआ था। दोपहर को बाइक सवार दो लोग उसके पास पहुंचे थे।

### दो बच्चों के साथ महिला संदिग्ध हालत में लापता

**जींद।** गांव घोघड़िया से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घोघड़िया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसके छोटे भाई की मौत हो चुकी है। गत दिवस उसके भाई की पत्नी तथा उसके दो बच्चे घर से गायब हो गए। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उनका कोई सुराग नही लगा।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** आर्य समाज रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने गाड़ी सवार युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आर्य समाज रोड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी दोपहर बाद घर से गायब हो गई। तलाशने पर सामने आया कि उसकी बेटी का गांव सिमाखेड़ी निवासी पकंज गाड़ी से अपहरण कर ले गया है।

### राजकीय कालेज में विस्तार व्याख्यान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय स्नातकोत्तर उपाधि के लिए प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी रहा। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें अपने अध्यापकों से समय-समय पर मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए।

### जींद में 6 लाख 50 हजार क्विंटल गेहूं की आवक

**जींद।** इनेलो के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र रेढू ने बताया कि एक अप्रैल से हरियाणा प्रदेश की मंडियों में गेहूं की परचेज शुरू करने का वायदा करने वाली सरकार की पोल खुल गई है। जिला जींद में अलेवा और उचाना को छोड़कर किसी भी मंडी में आज तक खरीद शुरू नही हुई। जींद की मंडियों में लगभग छह लाख 50 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है।

### 18 हजार 360 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में विभिन्न एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल 18 हजार 360 एमटी गेहूं की खरीद गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा तीन हजार 218 एमटी गेहूं, हैफेड द्वारा 14 हजार 584 एटी तथा हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 558 एमटी गेहूं की खरीद की गई। बताया कि अरनोली मंडी में 887 एमटी, बाउपुर मंडी में 137 एमटी, चीका मंडी में आठ हजार 266 एमटी, पुरानी मंडी में 202 एमटी, कैथल नई मंडी में चार 514 एमटी गेहूं की खरीद की है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ आज

**कैथल।** श्री मेंहदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति कैथल द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जागरण और सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 19 पार्ट 1, हुड्डा, कैथल में किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के प्रधान संदीप गर्ग ने कहा, /"श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हम 7वां विशाल जागरण और सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर रहे हैं।

### डीएवी कालेज में व्याख्यान आयोजित

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राजनीति विज्ञान परिषद द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेदकर की जंयती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया । डॉ. सुभाष ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि बाबा साहेब भारतीय सांविधान के मुख्य निर्माता थे।

### बैसाखी खुशी और समृद्धि का त्योहार: गुरमीत कौर

# इंडस पब्लिक स्कूल में हर्ष के साथ मनाया बैसाखी का पर्व

### बच्चों को गुरुद्वारा दर्शन के लिए भी ले जाया गया

नन्हे-नन्हे बच्चे रंग-बिरंगे वस्त्रों में खिलते फूलों की तरह नजर आए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने बैसाखी का त्योहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। नन्हे-नन्हे बच्चे रंग-बिरंगे वस्त्रों में खिलते हुए फूलों की तरह नजर आ रहे थे। स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने बहुत ही प्यारी नृत्य प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न प्रकार की एक्टिविटिज भी कराई गई। बच्चों को गुरुद्वारा दर्शन के लिए भी ले जाया गया। जहां उन्होंने सेवा भाव सीखा और प्रसाद ग्रहण किया। यह अनुभव बच्चों के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत लाभदायक रहा। डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थियों के लिए श्स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को डा. अंबेडकर के जीवन की प्रेरक कहानी बताई गई। अंत में गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि बैसाखी खुशी और समृद्धि का पर्व है, इसलिए हमें सभी पर्व मिलजुल कर मनाने चाहिए।






जींद। बैसाखी पर्व पर नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते मोतीलाल स्कूल के बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### भांगड़ा, गिद्दा-पारंपरिक नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

**जींद।** मोतीलाल नेहरू विद्यालय की प्राथमिक विभाग की सैपलिंग शाखा में बैसाखी पर्व बड़े ही हषोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनाए बल्कि छोटे बच्चों में भारतीय परंपराओं और त्योहारों की गहरी समझ विकसित करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। इस भव्य आयोजन में नर्सरी से पहली कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को जीवंतता प्रदान की। विद्यालय के बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दी। पंजाबी लोकगीतों पर आधारित भांगड़ा, गिद्दा और पारंपरिक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने बैसाखी क्या है विषय पर आधारित लघुनाटिका भी प्रस्तुत की। जिसमें खेती, फसल की कटाई और किसानों की जीवनशैली को दर्शाया । इस प्रस्तुति ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि दर्शकों को पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया। विद्यालय के प्राथमिक विभाग के शिक्षिकाओं ने बच्चों को बैसाखी के महत्व को सरल और रोचक कहानियों, चित्रों और गतिविधियों के माध्यम से समझाया।

# प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारत विकास परिषद फतेहपुर की तरफ बैसाखी के अवसर पर स्कूल में आउटडोर प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम से हुई। उसके बाद सभी बच्चों के अलग-अलग गेम्स स्पून रेस, थ्री लेग रेस, बैलून गेम, सैक गेम आदि करवा गए। सभी बच्चों ने गेम्स में भाग लिया। महिला सहभागीता प्रमुख निधि मोहन ने बताया कि आजकल बच्चे इनडोर मोबाइल गेम्स, रील्स और वीडियो गेम्स में व्यस्त रहते हैं। इसी से संबंधित उनको आउटडोर गेम्स को प्रेरित करने के लिए इस तरह का इवेंट रखा गया। गेम्स में पहले दूसरे आने वाले बच्चों को पानी की बोतलें और लंच बॉक्स गिफ्ट किए गए। स्कूल के सभी बच्चों को खाने के लिए बिस्कुट और फ्रूटी दी गई। परिषद के सभी सदस्यों ने स्कूल के प्रिंसिपल को शील्ड देकर सम्मानित किया। स्कूल के पास एक आंगनवाड़ी में भी छोटे बच्चों से कविताएं सुनी गईं और उनको गिफ्ट दिए गए। प्रिंसिपल ने शाखा सदस्यों को धन्यवाद दिया कि उन्हें बच्चों के लिए गेम्स और उपहार वितरित किए। शाखा अध्यक्ष परवीन मित्तल, महिला सहभागीता प्रमुख निधि मोहन, डॉ. मनीषा मंगल, मंजू, सुनीता मौजूद रहे।



पूंडरी। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



कैथल। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### समाधान सिविर का आयोजन किया

**कैथल।** सब एरिया हेड क्वार्टर अंबाला कैंट ने ई सी एच एस पॉलिक्निक कैथल के प्रांगण में समाधान सिविर का आयोजन किया। समाधान शिविर के अंदर सैकड़ो की संख्या में पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवाओं, आश्रितों, पेंशन,फैमिली पेंशन, पेंशन रिकॉर्ड में कमी पेशियां को दूर किया गया। इस शिविर के अंदर समस्याओं को लेकर के ध्यान में रखते हुए मई मास के दूसरे शुक्रवार को फिर यहां पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां पर सैकड़ो की संख्या में सैनिक परिवारों को पंजाब नेशनल बैंक कैथल के अधिकारी भी मोटिवेट करने के लिए पहुंचे। उन्होंने पूर्व सैनिकों को बैंक स्कीमों के बारे में अवगत करवाया। सब एरिया हेड क्वार्टर की टीम में कैप्टन रामकुमार, सुबेदार रामेश्वर दास व सिपाही सतनाम सिंह समाधान शिविर में पहुंचे थे।

### शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन सौलह को

**जींद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ऑनलाइन टीचर डायरी के विरोध में 16 अप्रैल को तीन से पांच बजे तक सभी जिला मुख्यालयों पर रोष जताएगा। राज्य प्रधान प्रभु सिंह ने बताया कि आज तक के सभी शिक्षा आयोग, शिक्षा नीतियां, विद्वान, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा समाजशास्त्र व शिक्षण शास्त्र यह कहते आए हैं कि जब तक शिक्षक को बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय समुदाय तथा वहां की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों की गहन समझ नहीं होगी। तब तक शिक्षा की बाधाओं को पहचाना नही जा सकता। जब तक बाधाओं को पहचाना नही जाएगा। तब तक उन्हें दूर भी नहीं किया जा सकेगा। इन बाधाओं की पहचान के लिए शिक्षक को पर्याप्त समय चाहिए होता है। जिससे वह स्थानीय परिस्थितियों को आत्मसात कर सके और उनके आधार पर अपने व्यक्तिगत, स्वतंत्र शिक्षण शास्त्र का प्रयोग कर सके।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में एबीवीपी इकाई ने प्राचार्य सत्यवान मलिक को ज्ञापन सौंप कर मधुमक्खी के छत्ते को हटवाने की बात कही है। ईकाई अध्यक्ष वीरसैन ने बताया कि महाविद्यालय में मधुमक्खी का छत्ता लगा हुआ है। जोकि विद्यार्थी को तंग कर रहा है। महाविद्यालय ने हिस्ट्री के विद्यार्थियों के 30 में से मात्र 12 से 14 मार्क्स लगा रखे हैं। जिससे विद्यार्थियों का रिजल्ट खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूजी, पीजी के सभी नॉन एनईपी कोर्स के रिवॉल्यूशन और जो रिजल्ट इंटरनल मार्क्स न भेजने के कारण जारी नही हो रहे हैं, उनको जारी करें। इस मौके पर इशु, जतिन, विजय, अखिल, मयंक बंसल आदि मौजूद रहे।



जींद। मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।



जींद। एसई के खिलाफ धरना देते बिजली कर्मचारी।

### बिजली यूनि का एसई के खिलाफ धरना जारी

**जींद।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का निगम के एसई के खिलाफ धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान यूनिट राकेश इक्कस ने की। जबकि संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। धरने को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव धर्मबीर ने कहा कि अधीक्षक अभियंता जींद के रवैये के खिलाफ लगातार सातवें दिन धरना जारी रखा। सर्कल कमेटी के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया उससे संगठन की गरिमा को ठेस पहुंची है। अधीक्षक अभियंता जींद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय बल्कि प्रताड़ित करने पर जोर दिए हुए है। इसलिए यूनियन सर्कल सचिव जींद को जो पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती हैं। अधीक्षक अभियंता के सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### परामर्श समिति की ऑनलाइन बैठक

**जींद।** हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी की हरियाणवी उत्थान परामर्श समिति की ऑनलाइन बैठक में निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणवी भाषा में अब तक जितना भी साहित्य प्रकाशित है, फिल्में बनी हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में जो भी कार्य हुआ है उसका संकलन कर लिया गया है। बैठक में डा. पूर्ण चंद शर्मा ने बताया कि उन्होंने हरियाणवी व्याकरण के संबंध में उपलब्ध सभी व्याकरण पुस्तकों का अध्ययन किया है तथा भाषा की दृष्टि से हरियाणवी व्याकरण तैयार कर ली गई है। पद्मश्री डा. संतराम ने बताया कि उनकी समिति ने हरियाणवी भाषा के मानकीकरण को व्याकरण के आधार पर सुस्पष्ट कर दिया है। हरियाणवी भाषा के लिए देवनागरी लिपि का चयन किया गया है। जिसमें एक-दो शब्दों को गुजराती से ले भी लिया जाएगा।




जींद। ऑनलाइन बैठक में भाग लेते साहित्यकार। फोटो :हरिभूमि



जींद। नाटक के गुर सिखाते रमेश भनवाला। फोटो :हरिभूमि

### नुक्कड़ नाटक सामाजिक मुद्दों को उठाने का सशक्त माध्यम

**जींद।** राष्ट्रीय नुक्कड़ नाटक दिवस पर रंगकर्मी एवं एक्टिव थियेटर एंड वैल्फेयर सोसाइटी के सचिव रमेश भनवाला ने कहा की कायनात का पहला नाटक तो नुक्कड़ नाटक ही रहा होगा। नुक्कड़ नाटक जिसे स्ट्रीट प्ले भी कहा जाता है। भारत में सामाजिक और राजनैतिक जागरूकता पैदा करने का एक लोकप्रिय और प्रभावी माध्यम है। जिसकी शुरूआत 19वीं सदी में हुई और इसका उद्देश्य लोगों को सीधे उनके जीवन से जुड़े मुद्दो पर जागरूक करना है। आधुनिक भारत में नुक्कड़ नाटक भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान कौमी तरानो, प्रभाव फेरीयों और विरोध के जुलुसों के रूप में देखा जा सकता है। नुक्कड़ नाटक एक ऐसी नाट्य विधा है, जो किसी सड़क, गली, चौराहे या किसी संस्थान के गेट अथवा किसी भी सार्वजनिक स्थल पर खेला जाता है।




चांदपुर में लोगों को पंपलेट बांटकर जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** डेंगू के लारवा को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की चार टीमों ने स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में पीएचसी नगूरां के अधीन गांव नगूरां, दिल्लूवाला, चांदपुर, दालमवाला समेत अनेक गांव में घर की छतों पर पड़े टायर तथा कबाड़ में कोने-कोने में लारवा की जांच की। टीम ने डेंगू व मलेरिया को जड़ से मिटाना है, स्वच्छता को अपनाना है नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते स्वास्थ्य विभाग की टीमें लोगों के घरों के कोने-कोने तक पहुंच कर होदी, कूलर, टंकी आदि में टेमीफोस नामक कीटनाशक दवाई डाल रही है, जोकि मच्छरों के लारवा के नियंत्रण के लिए काफी प्रभावी है। इसके अलावा गांव में गंदी नालियों में काला तेल व डीजल भी डाला जा रहा है।

# अटल कैंटीन का शुभारंभ किया

- किसानों व मजदूरों को अच्छी गुणवत्ता का नियमानुसार खाना मिलेगा : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अनाज मंडी सीवन, राजौंद और पाई के प्रशासक एवं एसडीएम अजय कुमार ने शुक्रवार को तीनों अनाज मंडियों में किसानों व मजदूरों के लिए शुरू की गई अटल कैंटीन का शुभारंभ किया। जहां किसानों व मजदूरों को दस रुपये में खाना दिया जाएगा। उन्होंने इस दौरान खाने की गुणवत्ता की जांच की और कहा कि किसानों व मजदूरों को अच्छी गुणवत्ता का नियमानुसार खाना दिया जाए। मंडी प्रशासक ने इसके बाद तीनों मंडियों में गेहूं की आवक को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान खरीद से लेकर उठान की तैयारियों के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की और निर्देश दिए कि निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया जाया। आढ़तियों के साथ तालमेल रखते हुए फसल की समय पर खरीद की जाए और उसका उठान किया जाए। अधिकारी सुनिश्चित करें कि मंडी में सड़क पर गेहूं न डाला जाए ताकि आवागमन सही प्रकार से हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को मंडी में फसल बेचते समय किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि मंडियों में पेयजल की सुविधा हो। साथ ही शौचालयों की साफ-सफाई नियमित रूप से की जाए।





जींद। योग क्रियाएं करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

**जींद।** भारतीय योग संस्थान के 58वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय योग संस्थान जिला बनखंड महादेव द्वारा बालाजी पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओंए पुरुषों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया और महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, प्राणायाम, ध्यान आदि योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया और प्रतिभागियों को नियमित योग के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। रमेश ईक्कस ने कहा कि भारतीय योग संस्थान की स्थापना 10 अप्रैल 1967 को नई दिल्ली में हुई थी। जिसका उद्देश्य हर घर योग हर मन योग। संस्थान के माध्यम से देश में 4500 केंद्रों पर नियमित रूप से योग कक्षाएं फ्री संचालित की जा रही हैं।

**सौगात** शिक्षा व खेलों को बढ़ावा देने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही प्रदेश सरकार

# पूंडरी हलके को मिली छब्बीस खेल नर्सरियां ग्रामीण क्षेत्रों से उभरेंगे खिलाड़ी : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में शिक्षा व खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पुरजोर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में खेल विभाग की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों को निखारने के लिए पूंडरी हलके में सरकारी शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायतों को कुल 26 खेल नर्सरियां प्रदान की हैं। इससे युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा का संवार कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। खेल नर्सरियां प्रदान करने पर विधायक जांबा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा खेल मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यालय की ओर से पत्र जारी हुआ है। इस पत्र में हरियाणा प्रदेश में खोली गई खेल नर्सरी का जिक्र किया गया है। खेल विभाग की ओर से पंचायतों और सरकारी स्कूलों में खेल नर्सरियां खोली गई हैं। इनमें कबड्डी, जूडो, हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबाल, वालीबाल, बॉक्सिंग, हैंडबॉल आदि खेल नर्सरी शामिल हैं। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ी सुविधाओं और योग्य प्रशिक्षकों के अभाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों को निखारने के लिए खेल नर्सरी आबंटित की हैं। खेल नर्सरी से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और भविष्य के चैंपियन तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा प्रयास रहेगा कि इन खेल नर्सरियों के माध्यम से खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाए।

### अलॉट खेल नर्सरियां

पीएम श्री राजकीय वमावि पाई में कबड्डी, राजकीय कन्या वमावि पाई में कबड्डी, ग्राम पंचायत पाई में कबड्डी, राजकीय उच्च विद्यालय हजवाना में जूडो, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय हाबड़ी में हॉकी, पीएम श्री राजकीय वमावि हाबड़ी में हॉकी, पीएम श्री राजकीय वमावि हाबड़ी में तलवारबाजी, राजकीय उच्च विद्यालय सांच में एथलेटिक्स, राजकीय उच्च विद्यालय सिरसल में वॉलीबॉल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसल में वॉलीबॉल, राजकीय मॉडल वमावि पूंडरी में फुटबॉल, ग्राम पंचायत पबनावा में वॉलीबॉल, राजकीय उच्च विद्यालय में पिलनी में कबड्डी, राजकीय वमावि फतेहपुर में फुटबॉल, राजकीय कन्या वमावि पूंडरी में वॉलीबॉल, राजकीय उच्च विद्यालय चुहडमाजरा में वॉलीबॉल, राजकीय वमावि भाणा में बाक्सिंग, राजकीय वमावि टीक में हैंडबॉल, राजकीय वमावि फरल में हैंडबॉल, शहीद विकास भारद्वाज राजकीय वमावि बरोट बंदराना में वॉलीबॉल, राजकीय उच्च विद्यालय कौल में वॉलीबॉल आदि।




जींद। ध्वज को ले जाते किसान सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### फसलों की एमएसपी गारंटी दे सरकार

**जींद।** अखिल भारतीय किसान सभा ने शुक्रवार को अपने 89वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुबे सिंह स्मारक में ध्वजारोहण किया। किसान सभा की स्थापना 11 अप्रैल 1936 को स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में लखनऊ में हुई थी। किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा इसका मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष फूलसिंह श्योकंद, वेदप्रकाश व अन्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। स्थापना दिवस पर किसान सभा के इतिहास, संघर्षों और उपलब्धियों को याद किया गया। ध्वजारोहण के दौरान एआईकेएस के नेताओं ने किसानों के सामने मौजूदा चुनौतियों जैसे फसल बीमा क्लेम में देरी, कर्ज का बोझ और उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग पर जोर दिया। फूल सिंह श्योकंद ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और कर्जमाफी जैसे मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह ठहराने की जरूरत है।

खबर संक्षेप

## जारी की गई 21 लाख 12 हजार 92 रुपये की राशि

**कैथल।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायतों को ठोस कचरा प्रबंधन शेड के लिए राशि नियमानुसार जारी की है। इस राशि को जारी करने में नियमों का उल्लंघन करने की चचाएं सत्य से परे हैं। इनमें सच्चाई नहीं है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत खेड़ी गुलाम अली, खानपुर, डोहर, रसूलपुर, लैण्डरकीमा तथा पिसौल को कुल 21 लाख 12 हजार 92 रुपये की राशि ठोस कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु स्थानांतरित की गई है। राशि नियमानुसार आधिकारिक स्वीकृति के बाद ही स्थानांतरित की गई है।

## पात्र परिवार उठाएं दयालु योजना का लाभ

**जींद ।** जिला के सभी अंत्योदय परिवारों को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु का लाभ दिया जाएगा। यह हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जो परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देना है। योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को उनके परिजनों की मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता दी जाती है। लाभ पाने के लिए परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के तहत 6 से 60 वर्ष की आयु के बीच आने वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में सहायता राशि दी जाती है।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव देशहित में : सुरेंद्र धवन

**जींद ।** एक राष्ट्र, एक चुनाव जिला जींद के संयोजक सुरेन्द्र धवन ने बताया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश के संसाधन, ऊर्जा, समय व धन की बचत होगी। देश की प्रगति में गति आएगी। एक ही समय पर केंद्र और राज्य में सरकार बनने से विकास कार्य तीव्रता से होगें और जनमानस को समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे पूर्व 1967 से पहले देश में एक ही समय पर चुनाव होते थे। केंद्र और राज्य के चुनाव में लगीाग चार से सात लाख करोड़ रुपये खर्च होते है। एक साथ चुनाव होने से लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपये बचेंगे और जो रुपये बचेगें वह देशहित में लगेगें। बार-बार चुनाव होने से आचार संहित लगती है।

## देश में सभी चुनाव एक साथ होने चाहिए

**नरवाना।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर नरवाना शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रदेश सयोजक एडवोकेट विजय पाल कीअध्यक्षता में हुई । भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर एडवोकेट विजयपाल का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते उन्होंने कहा कि देश में अलग.अलग चुनाव करवाने में पैसे व समय की बहुत ज्यादा बरबादी होती है। केन्द्र की मोदी सरकार के संज्ञान में यह विचार आया कि देश में सभी चुनाव एक साथ होने चाहिए। जिसको लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ गोविंद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। पूर्व राष्ट्रपति द्वारा पेश की गई रिपोर्ट को सरकार ने सहर्ष स्वीकार किया।

### जाट शाइनिंग स्टार स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व और अंबेडकर जयंती

# छात्रों ने अपनी प्रतिभा के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों ने भी पंजाबी गीतों की धुन पर खूब नृत्य प्रस्तुतिकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** बैसाखी पर्व के दौरान सजे जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल में आज बैसाखी और डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इनमें नृत्य, गीत और भाषण शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पांचवीं, छठी और सातवीं की छात्राओं ने रंगारंग भांगड़ा व समूह गीत प्रस्तुत किया, जिसने ढोल की थाप और पंजाबी लोक संगीत के जोश को और भी बढ़ा दिया। किंडरगार्टन के बच्चे रंग-बिरंगे पंजाबी पारंपरिक परिधानों में सजे थे। समारोह के पीछे का मकसद बच्चों को उनकी समृद्ध संस्कृति और विरासत से अवगत कराना था। इसके बाद बारहवीं कक्षा की छात्रा वंशिका ने बैसाखी पर्व और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर अपने भाषण के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला। उनके भाषण ने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया और उन्हें खूब तालियां मिलीं। नन्हें बच्चों का जोश वाकई में कबीले तारीफ था। नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों ने भी पंजाबी गीतों की धुन पर खूब नृत्य प्रस्तुतिकरण किया। मंच संचालन की भूमिका बारहवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान भट्ट द्वारा बखूबी निभाई गई। उन्होंने कार्यक्रम को बहुत ही अच्छे से संचालित किया और दर्शकों को कार्यक्रम के हर हिस्से से जोड़कर रखा। इसके बाद पांचवीं, छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भंगड़े पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी।

उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें खूब वाह वाही मिली। कक्षा छठी और सातवीं की लड़कियों ने भी अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वाह वाही लूटी। इसके बाद, कक्षा पहली से तीसरी के छात्रों ने भी अपने नृत्य से दर्शकों को खुश कर दिया और उनकी प्रस्तुति को देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। कक्षा नौवीं, दसवीं और बारहवीं के छात्रों ने भी अपने नृत्य से दर्शकों को प्रभावित किया और उनकी प्रस्तुति को देखकर दर्शकों ने उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने बैसाखी और डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया, जिसमें हमारे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। नए सत्र में आए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक ने भी विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश भेज कर अपना आशीर्वाद दिया। पूरा कार्यक्रम लाइव चला और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बैसाखी का पर्व मनाया

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के प्रांगण में आज बड़ी धूमधाम से बैसाखी का पावन त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दीए जिसमें पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा की मनमोहक प्रस्तुतियां सबका ध्यान आकर्षित करने में सफल रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे.छोटे बच्चों ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और बैसाखी के महत्व को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा पंजाबी परिधानों में सजे.धजे होकर की गई प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बैसाखी के इतिहास और महत्व पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत कियाए जिसके माध्यम से उन्होंने दर्शकों को बैसाखी के पीछे छिपे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं से अवगत कराया। साथ हीए विद्यालय के प्रांगण को बहुत अच्छे से सजाया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक नवीन शर्मा ने कहा कि बैसाखी जैसे पारंपरिक त्योहारों के माध्यम से हम अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने का प्रयास करते हैं। यह त्योहार न केवल फसल के उत्सव का प्रतीक हैए बल्कि गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना का भी प्रतीक है।

### श्री श्याम बाल वाटिका में मनाया पर्व

**नरवाना।** श्री श्याम बाल वाटिका समूह के तीनों स्कूलोंकृप्ले विंगए एमजे हाई स्कूल ;प्राइमरी विंगद्ध और सीनियर विंगकृमें बैसाखी पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे स्कूल परिसर को अपने हाथों से बनाये गए रंग.बिरंगे सजावटी तत्वों के साथ पारंपरिक थीम के अनुसार सजाया गयाए जिससे माहौल पूरी तरह पंजाब की सांस्कृतिक छटा में रंग गया। छोटे.छोटे बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा धारण कर गिद्धाए भांगड़ा और लोक गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने बैसाखी के महत्व को उजागर करती कविताएं और भाषण प्रस्तुत किएए जो सभी उपस्थितों को भाव.विभोर कर गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति अरोड़ा ने बच्चों को बैसाखी के पीछे की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहाए बैसाखी केवल एक पर्व नहींए यह एक संदेश है किसानों की वर्षभर की मेहनत जब फसल के रूप में फल देती हैए तो वे इस दिन को उत्सव के रूप में मनाते हैं। ठीक उसी प्रकार विद्यार्थियों को भी पूरे साल मेहनत से पढ़ाई करनी चाहिएए ताकि वर्ष के अंत में उन्हें भी उत्कृष्ट परिणाम का सुखद अनुभव प्राप्त हो। कार्यक्रम के अंत में निदेशक कृष्ण अरोड़ा ने सभी बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ने और आत्मविश्वास से मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलता है।

## अधिवक्ताओं ने मनाई बीआर आंबेडकर-महात्मा फुले जयंती

- देश की उन्नति में महापुरुषों का अहम योगदान : विकास लोहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** बीआर आंबेडकर और ज्योतिबा फुले के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रधान विकास लोहान।

जिला बार रूम में शुक्रवार को वकीलों ने संविधान निर्माता बाबा साहब बीआर आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई। इस दौरान वकीलों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। बार एसोएशिन प्रधान विकास लोहान ने बताया कि महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक थे।

उन्होंने समाज से कई कुप्रथाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों की वजह से आज महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा मिल रहा है। भारत देश में हर साल 11 अप्रैल को वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण व उत्थान के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर जयंती हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए बाबा साहब के संघर्ष तथा योगदान को याद दिलाती है। बाबा साहब को भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता के रूप में जाना जाता है, उनकी जयंती शिक्षा और ज्ञान के महत्व को भी रेखांकित करती है। क्योंकि बाबा साहब ने खुद को एक विद्वान के रूप में स्थापित किया था। देश की उन्नति में महापुरुषों का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर नरेंद्र सिंहमार, घनश्याम गोयल, वीरेंद्र, अजय वशिष्ठ, मंजीत लाठर मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बैठक

**जींद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में सुरक्षा एवं समन्वय को लेकर शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर दौरे की तैयारियों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, मार्ग योजनाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य प्रधान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा इंतजाम और समुचित जन प्रबंधन सुनिश्चित करें। विशेष रूप से यातायात नियंत्रणए कानून व्यवस्था और आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय के सभागार मे सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता और समन्वय के साथ निर्वहन करें।

## गैस सिलेंडर के 50 रुपये दाम बढ़ाना जनविरोधी : बलकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


**पूंडरी।** सांसद कुमारी शैलजा से मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता बलकार सिंह पूंडरी।

कांग्रेस पार्टी के बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनहितैषी फैसले लेने की बजाय तरह तरह के टैक्स लगाकर आम आदमी की कमर तोडऩे का काम कर रही हैं, जिससे कि भाजपा का जनविरोधी चेहरा सामने आया हैं। आज सांसद कुमारी शैलजा से मिलने के पश्चात बातचीत में बलकार सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि बी.जे.पी. की केंद्र की सरकार और राज्य सरकार पिछले 10 सालों से लगातार जनविरोधी नीतियां लागू करके आम जनता को महंगाई के बोझ के नीचे कुचलने का काम कर रही है। जहां केंद्र की बी.जे.पी. सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम एक दम से 50 रुपए बढ़ा दिए, पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शल्क बढ़ा दिया, वहीं राज्य की बी.जे.पी. सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए और मकान बनाने पर एक्सटर्नल डिवेलपमेंट चार्जेस के रेट बढ़ा दिए हैं। जो बी.जे.पी. की सरकार महंगाई जैसे मुद्दे को भुनाकर सत्ता में आई थी। क्रूड ऑयल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम पिछले 20 साल में सबसे कम हैं, तब भी बजाय आम जनता को पेट्रोल और डीजल के रेट कम करके राहत देने के 2 रुपए उत्पाद शुल्क लगा दिया है।



**अलेवा।** गांव पेगां में बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### पोषण पखवाड़े के तहत किया जागरूक

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा द्वारा पोषण पखवाडे के तहत पेगां गांव में प्ले स्कूल के अंतगर्त स्कूल रेडिनेसी मेले आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर सुदेश रानी व सरोजबाला ने की। सुपरवाइजर सरोजबाला ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में आने के लिए प्ेररित करना है। इसमें बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों के अलावा सरपंच को भी बुलाया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर राजबाला, मीना, एडीआरएल प्रतीक के अलावा दर्शना, कविता, सुदेश, सुमन आदि आंगनवाड़ी वर्कर उपस्थित थी।

## एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं: कर्नल

- कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरप्रीत सिंह ने आरकेएसडी कॉलेज, कैथल का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** कर्नल हरप्रीत सिंह का कैथल पहुंचने पर स्वागत करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

10 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरप्रीत सिंह ने आरकेएसडी कॉलेज, कैथल का दौरा किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला, एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लाम्बा और सीटीओ डॉ. रितु कांग ने कॉलेज परिसर में कर्नल हरप्रीत सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर सूबेदार जुगराज भी उनके साथ उपस्थित रहे। कॉलेज के कैडेट्स ने कर्नल हरप्रीत सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। कर्नल सिंह ने कैडेट्स से संवाद किया और उन्हें एनसीसी के माध्यम से अपने करियर के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने एसएसबी परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। सीटीओ डॉ. रितु कांग ने कैडेट्स के बीच कर्नल हरप्रीत सिंह का परिचय कराया और लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लाम्बा ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### सप्ताह में एक दिन जरूर बदले टंकी-होदी का पानी : सुशील


**जींद।** पानी में लारवा की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी।

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ढांडा खेड़ी गांव में एमपीएचडब्ल्यू सुनीता कुमारी व सुशील शर्मा ने गांव में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे ग्रामवासियों को बताया और टंकी, कूलर, होदी, पानी के कंटेनर में लारवा को चेक किया और मलेरिया व डेंगू से बचाव की जानकारी दी। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। जिसमें कम्पन के साथ बुखार आता है। फिर गर्मी लगकर पसीना आकर बुखार उतर जाता है। डेंगू बुखार संक्रमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है जोकि दिन के समय काटता है और साफ पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है। शर्मा ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे व कूलर का पानी सप्ताह में एक बार जरूर बदल दें और सप्ताह में एक दिन ड्राई दिवस मना यानी कि पानी के बर्तनों का पानी खाली करके एक दिन सुखाने के बाद ही दोबारा पानी भरे। पूरी बाजू के कपड़े पहने। अपने आसपास पानी खड़ा नहीं होने दें। गड्ढों को मिट्टी से भरा जाए। अपने आसपास अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दे। छतों पर टूटे बर्तन व कबाड़ आदि उठा दें।

## वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

- बिजली पेंशनर्स वैलफैयर एसो यूनिट जींद का 9वां समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा बिजली पैंशनर्स वैलफैयर एसोसिएशन यूनिट जीन्द का 9वां वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह ब्राह्मण धर्मशाला में यूनिट प्रधान जिले सिंह शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच का संचालन यूनिट सचिव रणधीर सिंह ग्रोवर ने किया। इस समारोह के अन्दर 65 वर्ष से 71 वर्ष की आयु वाले पैंशनर्स को और फैमिली पैंशनर्स पुरुष व महिलाओं को लगभग 60 की संख्या में चादर, शाल, मैडल, स्मृति चिह्न व हैंड बैग देकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त पड़ोसी यूनिटों से आने वाले सदस्यों को 50 की संख्या में मैडल, स्मृति चिह्न, हैंड बैग देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद यूनिट जीन्द के स्थाई सभी सदस्यों को हैंड बैग देकर सम्मानित किया गया। प्रान्तीय अध्यक्ष ईआरएस के गर्ग, प्रान्तीय महासचिव धर्म सिंह भारद्वाज व प्रान्तीय वित्त सचिव जगदीश राय ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। हरियाणा सरकार एवं चारों विद्युत निगमों के प्रबंधकों की बिजली निगमों के पैन्शनरज की पेंडिंग पड़ी मांगों को लागू नहीं करने के बारे में घोर निन्दा की। समारोह में हिसार से शशिकान्त और विनोद बिहारी, हांसी से सतबीर सिंह मौजूद रहे।


**कैथल।** आरकेएसडी कालेज की अव्वल रही टीम।

### आरकेएसडी कॉलेज की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने केयूके चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है कि कॉलेज की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने केयूके इंटर-कॉलेज चैम्पियनशिप में कुल मिलाकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित कॉलेजों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए, टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रतिभा, टीम भावना और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। टीम में शामिल खिलाड़ी खुशी, मुस्कान, संजना, कोमल, प्रीति देवी, शीतल, तनु, ज्योति, साक्षी, प्रियांका, सोनिया, श्रुति, संजना, निशु और पूजा रानी ने कॉलेज को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला तथा खेल विभागाध्यक्ष डॉ. गुरदीप भोला ने सभी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को इस सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

## राजकीय महाविद्यालय अलेवा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

- विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय में छात्रों का स्वास्थ्य जांचती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में राष्ट्रीय सेवा योजना और महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार तथा महिला सेल प्रभारी डा. सुनेत रानी ने की। मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या वीना बहल व डा. अमित ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा प्रदान करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, शुगर, खून और सामान्य स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किए। मुख्यातिथि प्राचार्या वीना बहल ने स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्तए महिलाओं और युवतियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें पोषण, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डा. मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

### नौ हजार क्विंटल के करीब गेहूं की आवक

# नगूरां में दो दिनों में खरीदा 1850 क्विंटल अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा


**अलेवा।** नगूरां खरीद केंद्र पर गेहूं की खरीद करते सरकारी एजेंसी के अधिकारी व अन्य।

नगूरां खरीद केंद्र पर पिछले कई दिनों से गेहूं की आवक जोरों से होने के बाद फूड सप्लाई तथा वेयर हाऊस एजेंसी द्वारा 1850 क्विंटल गेंहू की खरीद की गई। हालांकि खरीद केंद्र पर अधिकारियों द्वारा नौ हजार क्विंटल के करीब गेंहू की आवक होने की बात कही जा रही है। नगूरां खरीद केंद्र पर सरकार द्वारा खरीद के लिए फूड सप्लाई और हयिाणा वेयर हाउस एजेंसियों को अधिकृत किया है। अलेवा मार्किट कमेटी सचिव विकास ढिल्लों ने बताया कि नगूरां खरीद केंद्र पर दो दिनों में दोनों एजेंसियों द्वारा 1850 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। सचिव ने किसानों से खरीद केंद्र पर सूखी फसल लाने की अपील की है। नगूरां, बधाना समेत विभिन्न गांवों से खरीद केंद्र पर फ सल बेचने आए किसानों ने बताया कि सरकारी एजेंसियों द्वारा माऊचर आदि चैक कर खरीद की जा रही है। क ई दिनों से खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को बेमौसमी बरसात का डर सता रहा है, लेकिन दोनों सरकारी एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद शुरू करने से किसानों को राहत मिली है।

### जींद में 485 एमटी गेहूं की आवक

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। वीरवार तक जिले में करीब 485 मीट्रिक टन गेहूं की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई है। जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गत दिवस तक करीब 485 मीट्रिक टन गेहूं की मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 38 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 447 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। इस आवक में से अलेवा मंडी में 342 एमटीए छतर मंडी में 16 एमटी, नरवाना मंडी में 105 एमटी और उचाना मंडी में 22 मीट्रिक टन गेंहू की फसल को खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आएं।

## खबर संक्षेप



### कच्चे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**जींद ।** हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों से कौशल निगम के कर्मचारियों को नौकरी से हटाने के विरोध में शुक्रवार को तमाम विभागों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया ओर लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को लेकर एसडीएम सत्यवान मान को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन से पहले कर्मियों ने जिला प्रधान संजीव की अध्यक्षता में रोष सभा की। मंच का संचालन राजेश कालीरमन ने किया। तमाम कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान संजीव ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले पूरे प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों को जोब सुरक्षा की गारंटी दी गई। चुनाव के बाद 4500 से 5000 कर्मचारियों को नौकरी से हटा चुकी है।

### डीसी ने किया डीड राइटर काम्पलैक्स का निरीक्षण

**कैथल।** डीसी प्रीति ने शुक्रवार सुबह नौ बजे लघु सचिवालय परिसर में स्थित डीड राइटर काम्पलैक्स का निरीक्षण किया। जहां काम्पलैक्स के आस-पास कचरा मिलने पर नगर परिषद के अधिकारियों से नोटिस जारी कर जवाब देने के निर्देश दिए। वहीं यहां कचरा भी जलता हुआ मिला। जिसके लिए परिसर में कैंटीन चला रहे दुकानदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने सरल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां सभी कर्मचारी समय पर पहुंच कर काम करते हुए मिले। इसके बाद डीसी ने लघु सचिवालय परिसर में स्थित कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि सभी कर्मचारी व अधिकारी समय पर कार्यालय में पहुंचे और विभिन्न कार्य से आने वाले आमजन की सुनवाई करें।

### फसल के अवशेष जलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने बताया कि जिला उपायुक्त प्रीति के दिशा-निदेर्शानुसार खण्ड व जिला स्तर पर फसल अवशेष प्रबन्धन को लेकर टीमों का गठन किया गया है। डीसी द्वारा जारी किए गए आदेशों के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत समस्त कैथल जिले में गँहु की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है।

### महिलाओं ने संभाला गेहूं कटाई का कार्य

**राजौंद।** महिलाएं आज किसी भी काम में पुरुषों से पीछे नहीं है। चाहे वह राजनीति का मामला हो, नौकरी का या फिर खेतों में काम करने का। इस समय गेहूं कटाई का सीजन है। गेहूं कटाई का कार्य भी सबसे ज्यादा महिलाएं कर रही है। सुबह से ही महिलाएं अपने घरों का कार्य निपटाकर किसानों के खेतों में गेहूं कटाई करने के लिए निकल पड़ती है, और देर सायं तक गेहूं कटाई का कार्य करती है।

## लंबे और लोकल रूटों पर यात्रियों की रहेगी मारामारी

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जींद डिपो से हिसार जाएंगी 260 बसें, बढ़ेगी परेशानी

हिसार में 14 अप्रैल को नरेन्द्र मोदी आएंगे, एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिसार में 14 अप्रैल को विकास परियोजना कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में जाने वाले लोगों को ले जाने के लिए जींद डिपो से 260 बस जाएंगी। जिसमें से 110 रोडवेज बस और 150 परिवहन समिति की बसें शामिल हैं। 110 बस में से 90 बस जींद आगार की और 20 बस दादरी डिपो की रहेंगी। ऐसे में 14 अप्रैल को जींद से अल सुबह चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम के साथ-साथ अन्य लोकल रूट पर भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जींद डिपो में इस समय रोडवेज बसों की संख्या 168 हैं और परिवहन समिति की बसों की संख्या 162 है। ऐसे में 14 अप्रैल को यात्रियों के लिए 78 रोडवेज बस और 12 परिवहन समिति की बस बचेंगी।



जींद बस अड्डा। फोटो : हरिभूमि

जबकि जींद डिपो की बसों में हर रोज लगभग 16 हजार यात्री सफॅर करते हैं। जिससे डिपो को एक दिन में लगभग 12 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है लेकिन इतनी ज्यादा संख्या में बसों के जाने पर यात्रियों को परेशानी होगी। वहीं हांसी, असंध, नरवाना, गोहाना और पानीपत जैसे लोकल रूट पर यात्रियों को प्राइवेट बसों का ही आसरा होता है। इतनी ज्यादा संख्या में प्राइवेट बस जाने पर यात्रियों को लोकल रूट पर दिक्कत रहेगी।

जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं

**रोडवेज में बढ़ाई जाए बसों की संख्या**

रोडवेज कर्मचारी नेता अनूप लाठर व संदीप रंगा ने कहा कि इस तरह के के कार्यक्रमों में रोडवेज बसों का प्रयोग करने से अन्य रूट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि रोडवेज के बेड़े में बसों की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे युवाओं को स्थाई रोजगार मिल सके और साथ ही लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल जाए।

**150 प्राइवेट बस भी शामिल**

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को हिसार में आयोजित कार्यक्रम में जींद डिपो से कुल 260 बस जाएंगी। इसमें से 110 रोडवेज बस और 150 प्राइवेट बस शामिल होंगी। 110 रोडवेज बस में से 90 बस जींद डिपो की और 20 बस दादरी डिपो की रहेंगी। अन्य जो भी बस रहेंगी यात्रियों की संख्या अनुसार रूट पर बसों का संचालन किया जाएगा।



कलायत एसडीएम अजय हुड्डा ने अनाज मंडी का दौरा करते हुए फोटो : हरिभूमि

## कलायत एसडीएम ने अनाज मंडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत एसडीएम अजय हुड्डा ने अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया और खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से किसानों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उनकी फसल की खरीद और भुगतान समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने मंडी में फसल बेचने पहुंचे किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र और फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं दुरुस्त रखें। इसके अलावा एसडीएम अजय हुड्डा ने आईटीआई व निर्मल पब्लिक स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की बसों में चढ़कर सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत बने मानकों का भी आकलन किया। अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड किट, लाइसेंस की जांच की।

# बाल विवाह को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

- धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं बाल विवाह पर रोक लगाने में प्रशासन का करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और बाल विवाह रोकने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ आमजन को जागरूक करें। बाल विवाह का कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो पुलिस व जिला प्रशासन को सूचित करें।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते

उन्होंने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इस दिन बाल विवाह होने की संभावना बनी रहती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध है। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के नाबालिग माना जाता है। कम आयु में शादी करने से लड़का व लड़की का भविष्य खराब हो जाता है। बाल विवाह करना गैर-जमानती अपराध होने के साथ साथ सामाजिक बुराई भी है। एडीसी दीपक बाबू लाल ने कहा कि इससे शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की शादी निर्धारित उम्र से पहले न करके उनके अंदर हुनर पैदा करें। कोई भी व्यक्ति, जो बाल विवाह करवाता हैं, उसको बढ़ावा देता हैं या उसकी सहायता करता हैं

## फुले जयंती उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई गई

कलायत के स्कूल में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में महान शिक्षक महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, इतिहास की समझ व ज्ञान कौशल को बढ़ावा देना रहा। प्रधानाचार्य रामगोपाल ने छात्राओं को महात्मा फुले के विचारों और उनके योगदान को आत्मसात करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नों का मुख्य केंद्र बिंदु ज्योतिराव फुले जी का जीवन, सामाजिक कार्य, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और समकालीन सामान्य ज्ञान रहा।




कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को सम्मानित करते आयोजक फोटो : हरिभूमि



गांव फतेहपुर में व्यास परिवार के साथ समाजसेवी कंवरजीत वालिया।

**व्यास परिवार ने पार्क में फव्वारा लगवाया**

**पूंडरी ।** गांव फतेहपुर के व्यास परिवार द्वारा एक सराहनीय और जनहितैषी पहल करते हुए श्मशान घाट (राम बाग) के पार्क में एक सुंदर व आधुनिक फव्वारा लगवाया गया है। यह कार्य न केवल सौंदर्यीकरण की दिशा में एक कदम है, बल्कि इसमें निहित सेवा-भावना पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। जानकारी देते हुए समाजसेवी कंवरजीत वालिया फतेहपुर ने बताया कि करीब 2 लाख रुपए की लागत से लगाए गए इस फव्वारे को शिव मूर्ति के ठीक सामने स्थापित किया गया है, जिससे यह स्थान और भी शांत व दिव्य प्रतीत होता है। फव्वारे में 24 घंटे जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

## एसोसिएशन की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश सरकार की ओर से दुकानदारों के लिए लाए गए सख्त कानून सीड पेस्टीसाइड एक्ट.2025 के विरोध में चल रही सीड पेस्टीसाइडस एसोसिएशन की हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन समाप्त हुई। जींद सीड पेस्टीसाइडस एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन गर्ग ने कहा कि शुक्रवार को सोनीपत में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने हड़ताली खाद व बीज विक्रेताओं के बीच आकर यह आश्वासन दिया कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष एसोसिएशन की सारी मुख्य बातें रखी जाएंगी और इसका समाधान निकाला जाएगा।



**जींद।** पांच दिन बाद खुली दुकानें। फोटो : हरिभूमि

ऐसे में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आश्वासन पर प्रदेश कार्यकारिणी ने इस हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया है। पवन गर्ग ने कहा कि इस हड़ताल के चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वकीलों ने की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- वीसी के माध्यम से गवाही करवाने का विरोध

जिला बार एसोसिएशन के निर्देश पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। यह हड़ताल नए नियम गवाहों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करवाने के विरोध में की गई। इस दौरान प्रधान विकास लोहानए नरेंद्र सिंहमार, घनश्याम गोयल, वीरेंद्र का कहना है कि वीसी के माध्यम से गवाही देने में सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी चिंताएं होंगी। इससे गवाह को डर सताएगा कि उनकी गवाही को कोई गलत तरीके से रिकॉर्ड कर सकता है या प्रसारित कर सकता है। उनका कहना था कि वीसी के माध्यम से गवाही देना गवाह की स्थिति को कम कर देता है। गवाह को लगेगा कि उनका मूल्यांकन उतना ही नहीं किया जा सकता है, जितना कि व्यक्तिगत रूप से गवाही देने के दौरान किया जाता है।

## प्रवेशोत्सव : आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में सभी बच्चों का दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल को शून्य ड्रॉप आउट बनाने तथा राजकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन करवाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन कैथल एवं शिक्षा विभाग कैथल ने अनूठी पहल शुरू की है।शिक्षा विभाग ने विशेष योजना बनाकर प्रवेशोत्सव रथ के माध्यम से जिला कैथल को शून्य ड्रॉप आउट तथा विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प लिया है।आज आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग कैथल के तत्वावधान में चल रहे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की निरंतरता में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चलाया।



प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग

# एसडीएम ने किया आईटीआई का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के एसडीएम अजय हुड्डा ने शुक्रवार को राजकीय आईटीआई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह की मौजूदगी में व्यवस्था एवं प्रबंधन का जायजा लिया। एसडीएम ने प्राचार्य को आईटीआई के विद्यार्थियों के संस्थान से आने-जाने का पूरा विवरण जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अकसर कुछ विद्यार्थी पढ़ाई के समय में बाहर घूमते नजर आते हैं। इतना ही नहीं विद्यार्थियों को वाहनों के यातायात नियम अनुसार उपयोग के प्रति प्रेरित करना जरूरी है। यातायात नियमों के प्रति लापरवाही खुद व दूसरों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवार न हों। इस प्रकार की स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने कहा कि शिक्षा एवं प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में जागरूक करने का प्रयास निरंतर रहता है। इसके तहत समय-समय पर संस्थान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। एसडीएम ने आईटीआई के निरीक्षण के साथ-साथ शहर के निर्मल पब्लिक स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया।



कलायत। दौरा करते एसडीएम अजय हुडा साथ हैं प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह।

## एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सड़क सुरक्षा विषय के प्रति आमजन सहित विद्यार्थियों को एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत थाना प्रबंधक यातायात सब इंस्पेक्टर राजकुमार की टीम द्वारा सडक सुरक्षा विषय के संबंध में एनआईआईएलएम युनिवर्सिटी कैथल में स्टाफ सहित विद्यार्थियों को ट्रैफिक रूल की पालना करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ साथ सभी को जानकारी दी गई की रोड़ एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति का इलाज 1.5 लाख रुपए तक सरकार के पेनल के हॉस्पिटल में सरकार द्वारा करवाया जाएगा।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान टीम ने विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि ऑवर स्पीड में वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सडक दुर्घटना का कारण बन जाते है, जिसके बारे में चालकों को सजग रहना चाहिए। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों की समुचित पालना करनी चाहिए, दुपहिया वाहन चलाते हुए हेल्मट का प्रयोग अवश्य करें। कार व हल्के वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। सडक दुघर्टनाओं में गिरावट दर्ज करने के लिए पुलिस द्वारा बताया गया कि नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं।



**कैथल।** कार्यशाला में उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी

## एसएमओ सिर्फ दो दिन दें पाएंगे ओपीडी सेवा

# ईएनटी की सेवानिवृति के बाद एक चिकित्सक पर भार

जब तक ईएनटी के नए चिकित्सक नहीं आ जाते, तब तक मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को एक ईएनटी विशेषज्ञ के सहारे ओपीडी चलाई गई। ऐसे में गले, नाक और कान से संबंधित बीमारियों से पीड़ित लोगों के सामने अब परेशानी खड़ी हो गई है। शुक्रवार को ही इसका परिणाम ईएनटी विशेषज्ञ डा. अरविंद के 25 नंबर कमरे में दिखाई दिया। डॉ. अरविंद के कमरे के बार काफी भीड़ दिखाई दी। अब अस्पताल में मात्र एक ईएनटी विशेषज्ञ डा. अरविंद रह गए हैं। जिन पर गला, नाक और कान से संबंधित मरीजों का भार आ गया है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने ईएनटी विशेषज्ञ उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य निदेशालय को पत्र लिख दिया है। डा. अरविंद एसएमओ का काम भी देखरेख रहे हैं।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ के कमरे के बाहर लगी भीड़।

वह सप्ताह में मात्र दो दिन ही ओपीडी की सेवाएं दे पाएंगे। क्योंकि विभाग की गाइडलाइन के अनुसार वह दो दिन ही ओपीडी देख सकते हैं, जबकि अन्य दिन वह एसएमओ का कार्यभार संभालेंगे।

हालांकि पिछले तीन-चार दिन पहले ईएनटी चिकित्सक डा. बृजेंद्र घणघस ने स्वेच्छिक सेवानिवृति ले ली थी। इसके बाद से नागरिक अस्पताल में ईएनटी का एक ही चिकित्सक रह गया है। जब तक ईएनटी के नए चिकित्सक नहीं आ जातेए तब तक मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

**निदेशालय को लिखा पत्र**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल में ईएनटी चिकित्सकों के लिए निदेशालय को पत्र लिख दिया है। मरीजों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। पिछले दिनों डा. बृजेंद्र घणघस ने इच्छानुसार सेवानिवृति ले ली थी। अब अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डा. रविंद ही रह गए हैं।